# बालाजी नाम का ज़माना है दीवना | By Pooja Sayak

थारे नाम का ज़माना है दीवाना
बालाजी थारे नाम का
तेरे जैसा कोई देव देखा नहीं
क्या कहना बालाजी तेरी शान का

नाम की तेरे बाबा महिमा है भारी
सब पे होती बाबा कृपा तुम्हारी
राजा हो या हो रंक साधु हो या हो संत
सभी गाते तराना तेरे नाम का
थारे नाम का ज़माना है दीवाना
बालाजी थारे नाम का

टाटा अम्बानी जैसे सेठ अनेकों
तेरी बदौलत सुख पाते हैं देखो
तू है भक्तो के साथ रखता सबकी तू बात
तूने बीड़ा उठाया जग कल्याण का
थारे नाम का ज़माना है दीवाना
बालाजी थारे नाम का

भक्तों पे खुल के दया तुम हो लुटाते
तेरा सच्चा है नाम तेरा पावन है धाम
तुझसे नाता जुड़ा है श्री राम का
थारे नाम का ज़माना है दीवाना
बालाजी थारे नाम का

लक्ष्मण पे मूर्छा छाई रघुवर घबराये
संजीवन बूटी बाबा तुम लेके आये
लाये पर्वत उखाड़ दिया काल को पछाड़
परं तुमने बचाया लखन लाल का
थारे नाम का ज़माना है दीवाना
बालाजी थारे नाम का

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%9c%e0%a5%80-%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%95%e0%a4%be-%e0%a4%9c%e0%a4%bc%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a5%88-%e0%a4%a6%e0%a5%80-2/